WWW.SARKARIRESULT.COM
"Sarkari Result" नाम से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट से सावधान रहे

# UP Firozabad Aganwadi Notification

## कार्यालय
## जिला कार्यक्रम अधिकारी, फिरोजाबाद

पत्रांक-/जि.का.अ./आ.बा.स्था./2020-21 दिनांक: 25-03-2021

### विज्ञप्ति

SarkariResult.Com

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ.प्र. लखनऊ शासनादेश संख्या-11/2021/388/ 58-1-2020-2/ 1(22)10 टी.सी. दिनांक 29-01-2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार निम्न विवरण के अनुसार जनपद की बाल विकास परियोजनाओं में ऑगनबाडी कार्यकत्री, मिनी आँ. कार्यकत्री एवं सहायिका के रिक्त पदों पर आवेदन पत्र दिनॉक 17-05-2021 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय फिरोजाबाद में आमन्त्रित किये जाते हैं।

**01- शैक्षिक योग्यता** - ऑगनबाडी कार्यकत्रियों व मिनी केन्द्र की कार्यकत्रियों हेतु शैक्षिक योग्तय न्यूनतम हाईस्कूल उत्तीर्ण तथा सहायिकाओं हेतु शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा पॉच उत्तीर्ण होगी।

SarkariResult.Com

**02- आयु सीमा-** (1) आगनबाडी कार्यकत्रियों, मिनी आँ. कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के पद के न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी। ऑगनबाडी सहायिका से ऑगनबाडी कार्यकत्री के पद पर चयन हेतु अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष होगी। आयु के सम्बंध में आँ. कार्यकत्रियों, मिनी आँ. कार्यकत्री के लिये हाई स्कूल प्रमाण-पत्र एवं सहायिकाओं के लिये कक्षा-05 जैसी स्थिति हो का स्कूल से जारी प्रमाण पत्र मान्य होगा। 62 वर्ष की आयु प्राप्त होने के उपरान्त उनकी मानदेय सेवायें स्वतः समाप्त हो जायेगी।

**03- चयन हेतु पात्रता/अर्हता - क-** (i) सर्वप्रथम अपेक्षित अर्हता रखने वाली ग्रामीण क्षेत्रों की उसी ग्राम सभा तथा शहरी क्षेत्रों में उसी वार्ड में स्थित केन्द्र की सहायिका, जिसकी न्यूनतम अर्हकारी सेवा 05 वर्ष की पूरी हो चुकी हो तथा हाई स्कूल उत्तीर्ण हो एवं उसकी आयु 50 वर्ष से अधिक न हो।

(ii) ऑगनबाडी कार्यकत्री, मिनी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं की नियुक्ति/चयन गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के सदस्यों को प्रथम वरीयता देते हुये किया जायेगा। इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। गरीबी रेखा हेतु आय का निर्धारण ग्रामीण क्षेत्र में रु. 46,080/- तथा शहरी क्षेत्र में रु. 56,460/- प्रति परिवार वार्षिक आय निर्धारित है।

SarkariResult.Com

(iii) सहायिका के उपलब्ध न होने की दशा में उसी ग्राम सभा/वार्ड की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली विधवा महिला।

(iv) विधवा महिला उपलब्ध न होने की दशा में उसी ग्राम सभा/वार्ड की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला।

**ख-** (i) आँ. कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं व मिनी कार्यकत्रियों के लिये यह अनिवार्य होगा की ग्रामीण क्षेत्रों में वह उसी ग्राम सभा व शहरी क्षेत्रों में उसी वार्ड की निवासी हो।

(ii) निवास एवं आय के सम्बंध में उपजिलाधिकारी/तहसीलदार के स्तर से निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

SarkariResult.Com

(iii) विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला के सम्बंध में नियमानुसार सक्षम स्तर से निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

(iv) गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिला के उपलब्ध न होने की दशा में गरीबी रेखा के ऊपर जीवन यापन करने वाली महिलाओं के चयन किये जाने पर विचार किया जायेगा।

SarkariResult.Com

(v) यदि ग्राम सभा में उपरोक्त किसी भी श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होता है तो संबंधित न्याय पंचायत में से उपरोक्तानुसार श्रेणीवार चयन किया जा सकता।

ग्रामसभा एवं वार्ड में जातिवार रिक्त पदों का विवरण जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय अथवा सम्बंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय तथा balvikasup.gov.in पर अवलोकित किया जा सकता है।

For Apply Online & View Full
Details Visit
SarkariResult.Com

(आभा सिंह)
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
फिरोजाबाद।

"Sarkari Result" नाम से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट से सावधान रहे
WEBSITE: WWW.SARKARIRESULT.COM
EMAIL : SarkariResult@gmail.com
Twitter @Sarkari_Result
Scan QR Code
FREE MOBILE App